तापमान

अधिकतम 28 .5 डिग्री
न्यूनतम 8 .7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025



12 शिक्षण व शोध को बढ़ावा देने की ओर बढ़ाए कदम





12 डॉ. रचना को डेयरी क्षेत्र में महिलाओं सशक्त...




## खबर संक्षेप



हिसार। हत्या मामले में पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### युवक की हत्या के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस चौकी मोहल्ला डोगरान टीम ने पुरानी सब्जी मंडी पुल के पास युवक की हत्या मामले में फरार चल रहे आरोपी पटेल नगर निवासी सिद्धांत उर्फ सिद्धार्थ उर्फ काकू को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी एएसआई सुभाष ने बताया कि 4 अक्टूबर को पुरानी सब्जी मंडी पुल के समीप हिमांशु कोल्ड ड्रिंक की दुकान पर कार्यरत युवक बड़वाली ढाणी निवासी तुषार उर्फ रानू पर चार युवकों द्वारा चाकू और पिस्टल के बट से गंभीर हमला किए जाने की सूचना मिली।

### महिला स्टाफ नर्स से छीना झपटी में आरोपी काबू

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने महिला स्टाफ नर्स से हिसार गैस्ट्रो अस्पताल के पास से छीना झपटी मामले में आरोपी गीता कॉलोनी निवासी चिराग उर्फ शेरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 सितंबर को हिसार के जिंदल अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स रीना रानी ने थाना अर्बन एस्टेट में शिकायत दी थी कि जब वह जिंदल चौक की तरफ से दूध लेकर हॉस्टल की ओर जा रही थी।

### सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ बैठक

**हांसी।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी की जिला कमेटी की बैठक हांसी के बंजरग आश्रम में जिला कमेटी के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्य डाक्टर खुशी राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट व प्रदेश उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने बताया कि ने कहा कि बीजेपी गठबंधन की केंद्र सरकार ने घोर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड्स को लागू करने का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इन लेबर कोड्स को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

### संविधान दिवस पर लगाया जाएगा स्वास्थ्य जांच कैंप

**हांसी।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार एवं जेसीआई हांसी फोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को एसडीएम कार्यालय में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों और बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता वकीलों के लिए की प्राथमिक एवं आवश्यक स्वास्थ्य जांच सुविधाएं देना है।

# आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध और 72 हजार बैकलॉग पदों की मांग पर हुंकार

■ प्रदेश स्तरीय चमार महासम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की नई अनाज मंडी में रविवार को 'चमार महासम्मेलन' का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के कोने-कोने से हजारों की संख्या में रविदासिया समाज के विभिन्न संगठन और लोग उमड़े। कार्यक्रम के दौरान नीले झंडों का हुजूम नजर आया। इस महासम्मेलन में समाज ने शिक्षा, रोजगार और आरक्षण में हो रही कथित अनदेखी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। चमार महासम्मेलन आयोजक समिति हरियाणा के मुख्य वक्ता शीशपाल चालिया और अन्य वक्ताओं ने सरकार को चेताया कि अगर समाज के संवैधानिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह आंदोलन और उग्र होगा।सम्मेलन में सबसे प्रमुख मुद्दा शिक्षा और आरक्षण में वर्गीकरण का रहा। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत चमार जाति के कोटे में डीएससी (वंचित अनुसूचित जाति) समाज को शामिल किया जा रहा है जिससे चमार समाज के बच्चों का हक मारा जा रहा है। सभा ने एक स्वर में मांग



हिसार। चमार सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता व उपस्थित जनता।

की कि शिक्षा में वर्गीकरण तुरंत समाप्त हो और अनुसूचित जाति (एससी) का आरक्षण 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत किया जाए। रोजगार के मुद्दे पर समाज के प्रतिनिधियों ने कड़ा रुख अपनाया। मंच के वक्ताओं ने कहा कि भर्ती एजेंसियां 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) का बहाना बनाकर योग्य उम्मीदवारों को बाहर कर देती हैं और आरक्षित सीटें खाली छोड़ दी जाती हैं। उन्होंने मांग की कि एनएफएस का खेल बंद कर बैकलॉग भरा जाए,विभिन्न विभागों में खाली पड़े 72 हजार बैकलॉग पदों पर तुरंत नियमित भर्ती हो, आउटसोर्सिंग और कौशल रोजगार निगम को बंद कर पक्की भर्तियां की जाएं। इस अवसर पर शीशपाल चालीया, विधायक नरेश सेलवाल, रघुवीर सुंडा, वजीर सिंह, डाक्टर राजेश कुमार, डाक्टर अनिल मेहरा, वीरेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, रामकिशन, हुकुम सिंह, संजीव कोचर, डाक्टर निशा बराक, जगदीश मेहरा, वकील चंद रंगा, सरोज बाला गौड़, राजपाल मांडी, सुरेंद्र नरवाल, राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, बिट्टू सिंह खालसा, रामभगत चहल, जोगेंद्र सिंह चोहान, बुधराम, ओम मेहरा, सरदार अमन सिंह, आदित्य पूनिया, राजकुमार अहलावत, राजकुमार मुवाल व बजरंग इंदल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व हजारों लोग मौजूद रहे।

### कार्रवाई की गई

मंच से वक्ताओं ने राज्य की बड़ी नौकरियों में एकमात्र आरक्षित सीट को भी डीएससी के लिए आरक्षित करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे समाज को उच्च पदों से वंचित रखने की सोची-समझी राजनीति करार दिया। इसके अलावा, सामाजिक कल्याण मंत्रालय पर जातिवादी मानसिकता से काम करने और छात्रवृत्ति व कल्याणकारी योजनाओं में देरी करने का आरोप भी लगाया गया। शिक्षा नीति पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में अमीर और गरीब के बच्चों के लिए अलग-अलग शिक्षा व्यवस्था है। समाज ने मांग की कि राष्ट्रीय स्तर पर 'एक देश, एक सिलेबस और एक बोर्ड' लागू किया जाए ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें।

### सम्मेलन में ये रखी गई प्रमुख मांगें

शिक्षा आरक्षण में वर्गीकरण तुरंत समाप्त किया जाए, अनुसूचित जाति का आरक्षण 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत हो, नॉट फाउंड सूटेबल (एनएफएस) का नियम रद्द हो, सरकारी विभागों में 72 हजार एससी बैकलॉग पद भरे जाएं, कौशल रोजगार निगम बंद हो और केवल नियमित भर्ती की जाए, पूरे देश में एक समान शिक्षा नीति और सिलेबस लागू हो।

# जस्टिस सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने दिल्ली पहुंची गांव की सरपंच

## पेटवाड़ की धरा का लाल सुप्रीम कोर्ट में बनेगा चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

जिले के गांव पेटवाड़ में जन्मे जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश की सोमवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए उनके बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत अपने परिवार सहित दिल्ली पहुंच चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 तक इस पद पर रहेंगे।

गांव पेटवाड़ के लाल प्रदेश के पहले चीफ जस्टिस होंगे। इसको लेकर पूरे गांव में खुशी की लहर है। चीफ जस्टिस बनने के बाद सूर्यकांत जब अपने पैतृक गांव पेटवाड़ पहुंचेंगे तो ग्रामीण रामलला जैसा स्वागत करने की तैयारी में है। एक बार गांव में दिवाली देखने को मिलेगी। गांव ही नहीं पूरे क्षेत्र के लोग आज अपने आप को गर्वित महसूस कर रहे की आज पूरे देश में हमारे प्रदेश की गूंज है।और वो आने वाले समय में ऐतिहासिक फ़ैसलों से इतिहास बदलने का काम करेंगे। गांव की सरपंच उर्मिला उनके शपथ ग्रहण की साक्षी बनने के



नारनौंद। पेटवाड़ में चीफ जस्टिस सूर्यकांत परिवार के सदस्यों साथ (फाइल फोटो)।

लिए दिल्ली पहुंच चुकी है। जो गांव की तरफ से उनका अभिनंदन करेगी। उनका हमेशा से ही गांव की मिट्टी से जुड़ाव रहा। हर साल गांव में पहुंचकर युवाओं को प्रेरणा देकर उनके भविष्य की मंजिल को पंख लगाकर उड़ान भरने का काम करते हैं।

गांव की सरपंच उर्मिला ने बताया कि भविष्य में इतनी बड़ी खुशी कभी नहीं मिली जोकि आज मिली है चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने प्रदेश का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखने का काम कर दिया। उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंची हूं। पूरे गांव की तरफ से उनका अभिनंदन किया जाएगा। और उनको गांव में आने का न्यौता भी दिया जाएगा। जब भी गांव में आते हैं तो ग्रामीणों से बड़ी खुले मन से बातचीत करते हैं। ग्रामीण सतबीर सिंह, राजेश, लोकेश ने बताया कि जब वो पिछली बार गांव में आए थे तो गांव की पंचायत की तरफ से उनको नारनौंद में कोर्ट बनाने के लिए मांग पत्र दिया था। अब नारनौंद में कोर्ट का काम जनवरी के महीने से शुरू हो जाएगा। आज पूरा गांव उन पर गर्व कर रहा है।

### यह है जस्टिस सूर्यकांत का बैकग्राउंड

जस्टिस सूर्यकांत 10 फ़रवरी 1962 को एक मध्यमवर्गीय परिवार में पैदा हुए। उन्होंने गांव के प्राइमरी स्कूल में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद हाई स्कूल में दसवीं कक्षा भी गांव के ही सरकारी स्कूल में पास की। 1981 में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की। 1985 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत करने के लिए चंडीगढ़ चले गए। 7 जुलाई 2000 को हरियाणा के सबसे युवा महाधिवक्ता नियुक्त होने का गौरव प्राप्त किया। मार्च 2001 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया। 09 जनवरी 2004 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बने। 5 अक्टूबर 2018 से 23 मई 2019 तक हिमाचल प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश पद पर रहे। 24 मई, 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए।

### चीफ जस्टिस से प्रदेश का नाम रोशन होगा

जस्टिस सूर्यकांत के बड़े भाई मास्टर ऋषिकांत ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य उनके शपथ ग्रहण में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। चीफ जस्टिस बनने से पूरे प्रदेश का नाम रोशन होगा। उनकी मेहनत रंग लाई है। पूरे प्रदेश को उन पर गर्व है। साल में एक बार हमारे परिवार की ट्रस्ट की तरफ से गांव के स्कूल में कार्यक्रम किया जाता है। उसमें भाग लेने के लिए वह प्रत्येक वर्ष पहुंचते हैं। अगले वर्ष भी उनको पहुंचने के लिए न्योता दिया जाएगा ताकि गांव के युवाओं को प्रेरणा देकर उनको जागरूक करने का काम करें। जस्टिस सूर्यकांत के पिता मदन लाल शास्त्री अध्यापक होते थे इसके साथ-साथ उन्होंने 14 पुस्तक लिखी जिनमें हरियाणवी भाषा को रामायण में लिखा इसके लिए उनको हरियाणा साहित्य अकादमी की तरफ से सूरदास पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पंडित लख्मीचंद पुरस्कार से भी वह सम्मानित हो चुके थे। उनकी मुख्य पुस्तके नगरी नगरी द्वारे द्वारे, कमल और कीचड़, माटी की महक, यह कैसा हिंदुस्तान है प्रमुख थी।



हिसार। सम्मेलन में उपस्थित ओबीसी बिग्रेड के प्रमुख नेता। फोटो : हरिभूमि

# मांगों लेकर प्रदेश स्तरीय रैली करेगी ओबीसी बिग्रेड

■ ओबीसी बिग्रेड का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के राजगढ रोड पर स्थित संत कबीर संस्थान में ओबीसी बिग्रेड का राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर से ओबीसी समाज के लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में ओबीसी बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मिट्टी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कर्ण सिंह राणोलिया ने की। सामाजिक कार्यकर्ता डा. मुखत्यार सिंह सदर, देशराज कंबोज, ओबीसी महासचिव सुरेंद्र रोहिल्ला, सेवानिवृत डीएसपी करता राम कश्यप, जांगिड़ महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद जांगड़ा व डा. कृष्ण बागोरिया विशिष्ट अतिथि रहे। ओबीसी बिग्रेड के सम्मेलन में अनेक फैसले लिए गए। इसके तहत सम्मेलन में 27 प्रतिशत आरक्षण हिस्सेदारी देने की मांग प्रमुख रही। साथ ही पिछडे वर्गो की अन्य मांगे उठाई गई। इस दौरान सभी सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसमें फैसले लिए गए है ओबीसी बिग्रेड द्वारा हरियाणा में पांच जोन बनाए जाएंगे जिसमें जोन स्तर पर एक प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। संगठन का विस्तार करते हुए एक महीने के अंदर—अंदर जिला व ब्लॉक स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

### सम्मेलन में ये उठाई गई मुख्य मांगे

प्रदेश में क्लास फर्स्ट और क्लास सेकंड की नौकरियों में 27 प्रतिशत (16+11) आरक्षण लागू करवाना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) की नौकरियों में बीसी के लिए (16+11) प्रतिशत व एससी में 20 प्रतिशत आरक्षण लागू करवाना, लोकल बॉडीज और पंचायती राज संस्थाओं में मेंबर से लेकर चेयरमैन तक ओबीसी की आबादी के अनुसार आरक्षण लागू करवाना, सत्ता व राजनीतिक पार्टियों के संगठनों में भागीदारी नहीं, जनसंख्या के हिसाब से हिस्सेदारी चाहिए।

# युवाओं को नशे से दूर रहने की दी सलाह

■ पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है की युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन एक बड़ी समस्या है। बिना सही मार्गदर्शन के समाज के लोग ड्रग्स एवं मेडिकल नशे से ग्रसित होते जा रहे हैं। इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए नशा मुक्ति टीम हांसी पुलिस द्वारा निरंतर गांव-गांव जाकर आमजन को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी पुलिस की नशा मुक्ति टीम तीन स्तर पर कार्य कर रही है पहला कार्य, जो बच्चे नशे की लत में चले गए उनकी पहचान कर उनका उपचार करवा उन्हें सही मार्ग पर लाना। दूसरा प्रयास नशा तस्करों पर शक्ति से अंकुश लगाना, क्योंकि ड्रग्स की उपलब्धता भी बुराई का मुख्य कारक है। तीसरा प्रयास युवा पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना ताकि हमारे युवा पथभ्रष्ट ना हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे की लत छुड़वाई जा सकती है। गांव में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए जिंदगी में वापस लौट कर पुनः नई जिंदगी की शुरुआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें।



हांसी। नशे के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करती हांसी पुलिस की नशा मुक्ति टीम।

# हांसी में रात 10 बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी, उल्लंघना पर होगी कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक

■ कानून का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी जिला पुलिस क्षेत्र में रात 10 बजे के बाद डीजे या लाउड स्पीकर बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। पाबंदी की उल्लंघना करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि लाउडस्पीकर और माईक जो 10 डेसिबल से ज्यादा ध्वनि उत्पादित करता हो उसका प्रयोग बिना संबंधित विभाग की अनुमति के कानून वर्जित है लेकिन विवाह शादियों मे अथवा अन्य खुशी के अवसर पर डीजे अथवा लाउडस्पीकर की ऊंची आवाज लोगों की परेशानी का कारण बनता है। जिला में कुछ सामुदायिक केन्द्र व मैरिज पैलेस आवासीय कॉलोनियों मे स्थित है, जहां अक्सर शादी अथवा किसी अन्य समारोह के दौरान कर्कश आतिशबाजी, ऊंची ध्वनि में डीजे व लाउडस्पीकर के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एक तरफ इससे जहां विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं बीमार व हर आयु वर्ग के लोगों को किसी न किसी तरह से परेशानी होती है। प्रायः देखने में आया है कि अक्सर लोग एक दूसरे की देखा देखी मे वाहनों पर बडे-बडे स्पीकर लगाकर उसे सड़कों पर ऊंची आवाज में बजाते है भविष्य में अगर ऐसा करता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आमजन को ध्वनि प्रदूषण से होने वाली परेशानियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जिला के सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश किए गए हैं। उन्होंने दिन में भी बिना अनुमति के ऊंची आवाज में डीजे बजाने के कारण ऊंची ध्वनि से होने वाली परेशानियों से आमजन को तुरंत राहत दिलाने तथा ऊंची आवाज में डीजे व लाउडस्पीकर चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।



हांसी के एसपी अमित यशवर्धन।

**आयोजन** जिंदल साहित्य महोत्सव का भव्य समापन, छात्राओं ने दी सुंदर प्रस्तुति

# महोत्सव के समापन पर साहित्य, संस्कृति व सृजनशीलता का दिखा अनूठा संगम

हरियाणा के प्रथम प्रमुख साहित्य उत्सव के उद्घाटन संस्करण को यादगार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिंदल साहित्य महोत्सव 2025 के तीसरे और अंतिम दिन का समापन विचारों, चिंतन, प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक आभा के असाधारण मेल के साथ हुआ। इसने हरियाणा के प्रथम प्रमुख साहित्य उत्सव के उद्घाटन संस्करण को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया।

महोत्सव का समापन प्रसिद्ध फ़िल्म निर्मातामुज़फ़्फ़र अलीके मनभावन सत्र के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी कालजयी कृति 'उमराव जान'के माध्यम से दर्शकों को स्मृतियों की दुनिया में ले गए। इसके बादविद्या शाहकी मंत्रमुग्ध करने वाली सूफ़ियाना प्रस्तुति "रंग सूफ़ियाना"ने सभी को मोहित कर दिया। उनकी गायकी और सुरों की गूंज ने पूरे सभागार में एक अद्भुत अनुभूति पैदा की और उत्सव को एक जादुई समापन प्रदान किया।



हिसार। जिंदल साहित्य महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### आने वाले वर्षों में महोत्सव का बनाया जाएगा भव्य

विद्या देवी जिंदल स्कूल में आयोजित त्रि-दिवसीय प्रथम जिंदल साहित्य महोत्सव के अंतिम दिन का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक कथक नृत्य 'तराना' से हुआ। इस कार्यक्रम ने दर्शकों को प्रभावित कर दिया। आज के प्रथम सत्र में ख्यात लेखिका प्रत्यक्षा की नई पुस्तक 'शीशा घर' का विमोचन के साथ हुआ। समापन समारोह में यह वादा किया कि यह महोत्सव आने वाले वर्षों में और व्यापक पैमाने के साथ होगा जो और अधिक भव्यता लिए होगा। कार्यशाला में सुप्रसिद्ध कवि महेंद्र कुमार सानी ने कविता लेखन कार्यशाला का संचालन किया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्यिक अभिरुचि और सृजनात्मक क्षमता का विकास करना था। श्री सानी ने कविता के मूल तत्त्व—भाव, भाषा, बिंब, लय और छंद—पर सरल एवं प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि कविता हृदय की अनुभूतियों की सजीव अभिव्यक्ति होती है और इसे लिखते समय संवेदना को सबसे अधिक महत्त्व देना चाहिए। कार्यशाला में प्रतिभागियों को तत्क्षण कविता रचना का अभ्यास कराया गया तथा उनकी रचनाओं पर रचनात्मक सुझाव भी दिए गए। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। साहित्य महाकुंभ में आज एक ऐसा कार्यक्रम हुआ, जिसने सभी के चेहरे पर मुस्कान और हँसी की लहर दौड़ा दी। स्टैंड अप कॉमेडी शो में प्रतिभागियों ने अपनी हास्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

# फार्मासिस्ट केवल दवाओं का वितरक नहीं समाज की सेहत का संरक्षक भी : रमन

■ राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के द्वितीय दिन विशेषज्ञों ने फार्मासिस्ट की जिम्मेदारियों पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के द्वितीय दिवस पर फार्मेसी विभाग की ओर से महत्वपूर्ण विशेषज्ञ संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ ड्रग कंट्रोल ऑफिसर रमन श्योराण ने फार्मेसी पेशे से जुड़े छात्रों को संबोधित करते हुए दवाओं के सुरक्षित एवं जिम्मेदार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। अपने संबोधन में रमन श्योराण ने कहा कि एक फार्मासिस्ट केवल दवाओं का वितरक ही नहीं, बल्कि समाज की सेहत का संरक्षक भी होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को दवाओं के भंडारण एवं रख-रखाव में उचित तापमान, स्वच्छता, तथा गुणवत्ता नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में नशे की दवाइयों की अवैध बिक्री, ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) गलत दवा जारी करना या बिना वैध डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के दवा प्रदान करना कानूनी अपराध है। उन्होंने छात्रों को फार्मेसी अधिनियम के प्रावधानों, दवाओं की ट्रेसबिलिटी, रिकॉर्ड मेंटेनेंस तथा मरीज की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का संदेश दिया।



आदमपुर। अतिथियों का स्वागत करते विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style



# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

## हॉलीवुड मसाला



# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला




# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए।



पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।

# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स


*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## खबर संक्षेप

### फसल खराब की धमकी देने पर महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गेहूं की फसल खराब करने और धमकी देने के मामले में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपिया की पहचान शंकुतला पत्नी सतीश कुमार निवासी भुना के रूप में हुई है। थाना भुना के प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता संजय पुत्र हरीश कुमार निवासी भुना, सब-तहसील भुना, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नामजद आरोपिया व अन्य व्यक्तियों ने उसके खेत में पानी खोलकर उसकी गेहूं की फसल खराब कर दी। शिकायत के आधार पर थाना भुना में मामला दर्ज किया गया।

### डोडा पोस्त तस्करी में चौथा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने 45 किलो 330 ग्राम डोडा पोस्त बरामद होने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरेश कुमार पुत्र भीम सिंह निवासी कुम्हारियां, थाना चोपटा, जिला सिरसा के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि 20 अगस्त को पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान आजाद नगर, बालाजी कॉलोनी फतेहाबाद में एक संदिग्ध गाड़ी को रोककर चैक किया गया था। गाड़ी से कुल 45 किलो 330 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ था। इस मामले में थाना शहर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया था और तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, चालक काबू

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी काजलहेड़ी, हाल निवासी हंस कॉलोनी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। शहर थाना के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 31 अक्टूबर को शिकायतकर्ता संजय कुमार पुत्र भूप सिंह निवासी दौलतपुर, हाल ऑफिसर कॉलोनी, फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार, 30 अक्टूबर को लगभग 10:30 बजे गोयल पाइप फैक्ट्री, सिरसा रोड फतेहाबाद के सामने उसके चाचा के लडक़े आजाद सिंह की बाइक को एक अन्य चालक ने तेज रफ्तार, गफलत और लापरवाही से चलाते हुए सीधी टक्कर मारी।

### मारपीट और धमकी देने के दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर के सरपंच के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मांगे राम पुत्र भानी राम तथा राजू राम पुत्र कृष्ण लाल निवासी बहबलपुर के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 18 नवंबर को शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र कर्म सिंह निवासी बहबलपुर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि नामजद आरोपियों ने उसे रास्ते में रोककर हथियारों सहित मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### गेहूं चोरी की घटना सुलझी, आरोपी दबोचा

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने सिरसा की अनाज मंडी क्षेत्र से आठ कट्टे गेहूं चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने रविवार शाम चार बजे के दौरान बताया कि पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा गेहूं भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि राधे श्याम निवासी अनाज मंडी ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज करवाई की अज्ञात लोग रात्रि को उसके घर से आठ कट्टे गेहूं चुरा ले गए हैं। पुलिस ने राधेश्याम की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा गेहूं भी बरामद कर ली गई है। अदालत में पेश कर परिमांड पर लिया जाएगा।

---

**ऑपरेशन ट्रैकडाउन:** अब तक कुल 57 कुख्यात आरोपी सलाखों के पीछे

# हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार स्नैचिंग की घटना 16 घंटे में सुलझाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



**ऑपरेशन ट्रेकडाउन की शुरुआत 5 नवंबर से हुई थी: एसपी**

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत पुलिस ने अवैध हथियारों की भारी खेप बरामद की है। इसके अलावा स्नैचिंग की घटना को मात्र 16 घंटे में सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और संगठित अपराध से जुड़े दो बदमाशों को केवल 5 घंटे में काबू किया है। एसपी ने बताया कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन की शुरुआत 5 नवंबर से हुई थी और तभी से फतेहाबाद पुलिस अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। अब तक हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, स्नैचिंग और संगठित अपराधों में शामिल कुल 57 कुख्यात बदमाश सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। इसी अवधि में पुलिस 15 पिस्तौल, एक गन, 2 चाकू, 2 तलवारें और 113 जिंदा कारतूस बरामद कर चुकी है। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टोहाना टीम ने उपनिरीक्षक जग्गा सिंह के नेतृत्व में गाँव चिम्मो से मंजीत सिंह उर्फ मनी तथा गुरसिमरनदीप सिंह उर्फ गुरी को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर, एक देशी कट्टा 312 बोर, दो देशी कट्टे 32 बोर तथा 32 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दोनों के खिलाफ थाना सदर रतिया में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ। इसी दौरान सीआईए फतेहाबाद ने एएसआई मनदीप सिंह के नेतृत्व में हिसार-सिरसा बाइपास से नितिन उर्फ मोगी, निवासी भाटिया कॉलोनी, को काबू किया। उससे एक पिस्टल 32 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

तलाशी के दौरान एक चाकू और दो तलवारें बरामद हुईं। बिल्लू और सागर पर पहले से दर्ज कई गंभीर मुकदमे उनके अपराधी इतिहास की गंभीरता दर्शाते हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि ऑपरेशन ट्रेकडाउन का उद्देश्य अपराधियों के मन में भय पैदा करना और जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस अवैध हथियारों, संगठित अपराध और स्नैचिंग पर कठोर नियंत्रण बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रखेगी।

**मोबाइल बरामद**

फतेहाबाद में बीघड़ रोड स्थित आर्य भट्ट स्कूल के पास हुई स्नैचिंग की घटना को थाना शहर पुलिस ने मात्र 16 घंटे में सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सुनील उर्फ गोच्चा, राज, तथा गुरदीप सिंह उर्फ सुक्खा निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया। आरोपी सुनील उर्फ गोच्चा के खिलाफ पहले से थाना शहर फतेहाबाद में तीन मामले दर्ज है। इसके अलावा जाखल पुलिस ने राजपाल निवासी बाजीगर बस्ती पर तेजधार हथियारों से हमले और जान से मारने की धमकी देने वाले दो आरोपियों बिजेंद्र सिंह उर्फ बिल्लू व सागर कुमार, निवासी जाखल को मात्र 5 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।



अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया वांछित आरोपी।

### वांछित आरोपी अवैध पिस्तौल सहित हनुमानगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक वांछित आरोपी को अवैध पिस्तौल सहित हनुमानगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सुनील उर्फ धोलू निवासी हनुमानगढ़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो उसके खिलाफ राजस्थान के विभिन्न स्थानों में संगठित अपराध हत्या, अवैध हथियार, हत्या का प्रयास, छीना छीना झपटी सहित आठ मामले दर्ज होने पाए गए हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी अवैध हथियार से हत्या के प्रयास करने के मामले में दो साल से वांछित था। पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आरोपी को हनुमानगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया की ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सिरसा पुलिस लगातार वांछित आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि सभी थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्रों में वांछित अपराधियों की धर पकड़ तेज करें अपराधियों की असली जगह जेल है, आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना तथा अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजना ही पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

---



फतेहाबाद। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

## रिटायर्ड कर्मी मांगों को लेकर 17 को डीसी कार्यालय पर देंगे धरना

**रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कन्वेंशन रविवार को जिला प्रधान भोला सिंह की अध्यक्षता में हुई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला कन्वेंशन रविवार को जिला प्रधान भोला सिंह की अध्यक्षता में हुई। कन्वेंशन का संचालन जिला सचिव बेगराज ने किया। बैठक में राज्य वित्त सचिव मनोहर लाल जाखड़, अध्यापक नेता मास्टर कृष्ण नैन, राज्य प्रधान औम प्रकाश सैनी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए जिला प्रधान भोला सिंह व सचिव बेगराज ने बताया कि केंद्र सरकार 8वें वेतन आयोग में पेंशन रिवीजन निर्धारण करने में आनाकानी कर रही है। इसके विरोध में 17 दिसंबर को धरना प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया जाएगा। राज्य वित्त सचिव मनोहर लाल जाखड़, अध्यापक नेता मास्टर कृष्ण नैन ने कहा कि केन्द्र सरकार पैंशन वित्त विधेयक 2025 को वापिस ले अन्यथा 17 दिसम्बर को देशव्यापी आंदोलन के तहत जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से राज्यपालों को ज्ञापन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज की सरकार यह कहकर बच निकलना चाहती है कि नियमों के बाहर नहीं जाया जा सकता लेकिन सच्चाई यह है कि यही नियम जनता के खिलाफ बनाए गए हैं। सरकार अब पेंशन को अंफडेड बोझ बताकर उसे संवैधानिक अधिकार से हटाकर राजकोषीय समस्या के रूप में पेश कर रही है। पेंशन कोई दया नहीं, बल्कि सेवा के वर्षों से अर्जित अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार मुफ्त खोरी के नाम पर जनता को शर्मिंदा कर रही है जबकि अमीरों को अरबों रुपए की टैक्सों में छूट देकर प्रोत्साहन के रूप में कहा जा रहा है। कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए नेताओ ने कहा कि सरकार रिटायर कर्मचारियों की लम्बित मांगों जैसे 65 वर्ष होने पर 10 प्रतिशत तथा 75 वर्ष होने पर 20 प्रतिशत की मूल वेतन में वृद्धि की जाए, कम्यूटेशन राशि की कटौती 15 साल की बजाय 12 साल की जाएं।

---

## ट्रैक्टर के पंजीकरण फीस में बढ़ोतरी वापस ले सरकार

**जिलाध्यक्ष जस्सा बोले, निर्णय वापस ले सरकार, आंदोलन की दी चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



सिरसा। मीडिया से रूबरू होते इनेलो जिला प्रधान जसबीर जस्सा।

इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने भाजपा द्वारा किसानों की रीढ माने जाने वाले ट्रैक्टर के पंजीकरण फीस में बढ़ौतरी की सख्त आलोचना करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। इनेलो जिलाध्यक्ष जसबीर जस्सा रविवार को सिरसा में पार्टी कार्यालय में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। वर्ष 2014 में सत्तासीन होने वाली भाजपा ने किसानों की बेहतरी के लिए सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने व स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने का वायदा किया था जिसे आज तक पूरा नहीं किया। वायदा पूरा करना तो दूर बल्कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल द्वारा जिस ट्रैक्टर को गड्डा घोषित किया था, कांग्रेस ने सबसे पहले उस पर पंजीकरण फीस एक हजार रुपए की थी, जिसे अब भाजपा ने बढ़ाकर दस गुणा तक कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि ट्रैक्टर का प्रयोग व्यवसायिक प्रयोग के लिए किया जाता तो पंजीकरण फीस बढ़ौतरी पर कोई दिक्कत नहीं थी मगर किसानों के खेतों में कार्य करने वाले ट्रैक्टर की पंजीकरण फीस बढ़ाने पूरी तरह से किसानों के साथ अन्याय है। इनेलो जिलाध्यक्ष जस्सा ने कहा कि कभी भाजपा सरकार ने रानियां व जीवननगर को डार्क जोन बताया था मगर बाद में वहां बिजली लोड बढ़ाने की स्वीकृति दे दी जो फिलहाल कागजों में ही है। फिलहाल जिलेभर में करीब पांच हजार ट्रांसफार्मर लगाए जाने की किल्लत है। किसानों को अभी तक भी पर्याप्त मात्रा में डीएपी व खाद उपलब्ध न होने पर जसवीर सिंह जस्सा ने मौजूदा भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि गेहूं की बिजाई निकलती जा रही है।

**सड़कों पर उतरेंगे**

उन्होंने कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बताते हुए कहा कि कांग्रेस में गुटबंदी है जिसका उदाहरण हाल ही में हुए कांग्रेस के प्रदर्शन में देखने को मिली। इनेलो जिलाध्यक्ष ने भाजपा को चेताया कि यदि ट्रैक्टर पंजीकरण फीस को शीघ्र वापस न लिया गया तो इनेलो सड$कों पर उतरकर भाजपा को ऐसा करने के लिए बाध्य करेंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी महेंद्र बाना, रानियां हलकाध्यक्ष हरमीत सिंह पंडोरीवाला, ऐलनाबाद हलकाध्यक्ष होशियार सिंह खोड़ भी मौजूद थे।

## जेसीडी फार्मेसी कॉलेज में जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

जेसीडी मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों से दवाओं के सही उपयोग और सावधानी पर जोर देते हुए कहा कि दवा एक दोधारी तलवार की तरह होती है। अगर इसे सही तरीके से लिया जाए, तो यह रोग को समाप्त कर सकती है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही घातक भी हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को दवाओं की एक्सपायरी डेट की महत्ता समझाते हुए कहा कि एक्सपायरी डेट के बाद दवा का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है। इसलिए किसी भी दवा का उपयोग करने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट अवश्य जांच लेनी चाहिए। उन्होंने रैली में शामिल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने का एक सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने फार्मेसी स्टाफ और विद्यार्थियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सही दवा के उपयोग को लेकर जागरूकता फैलाना फार्मेसी विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य और फार्मेसी से संबंधित कई नारे लगाए इस मौके पर डॉ. प्रदीप कंबोज, डॉ. लवलीन प्रीत कौर, डॉ. रीटा सेठी, डॉ. गौरव खुराना, मिस कोमल, मिस्टर मनीश गर्ग, मिस रचना एवं आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पूजन कर यज्ञ में आहुति डाली



**फतेहाबाद।** सर्व श्री चंडी माता मंदिर अशोक नगर में आयोजित श्री शतचण्डी हवनात्मक महायज्ञ और रूद्र यज्ञ में पूर्व सीपीएस प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने माता सत्यम देवा के साथ विधिवत पूजन कर यज्ञ में आहुति डाली। कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन वेद-शास्त्रों में हवन को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन और पर्यावरण की शुद्धि का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक माध्यम बताया गया है। हवन की अग्नि में अर्पित की जाने वाली सामग्रियां वातावरण को रोगाणुओं से मुक्त कर उसे ऊर्जा और पवित्रता से भर देती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने हमेशा विश्व कल्याण का संदेश दिया है और यज्ञ उसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। पूर्व सीपीएस ने मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सामूहिक एकता, धार्मिक आस्था और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं।

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा




सिरसा। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते रमेश साहुवाला।

लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष रमेश साहुवाला ने कहा कि लायंस क्लब एक अंतराष्ट्रीय संस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों का स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना है। साहुवाला रविवार को स्थानीय प्रीतनगर में ब्यूटी पार्लर का छमाही कोर्स पूरा होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त के अलावा समुदायों को मजबूत करना और मानवीय सेवाओं तथा अनुदानों से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए हर वक्त तैयार रहना भी क्लब की प्राथमिकताओं में है। साहुवाला ने कहा कि लायंस क्लब अंधेपन को रोकने के प्रयास में भी विश्व में अग्रणी है। साहुवाला ने कहा कि हम युवाओं और युवा व्यस्कों को सफल होने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा उन्हें नशीली दवाओं और शराब का विरोध करने, नशे से दूर रहना को सेवा के माध्यम से सीखने तथा स्वस्थ युवा-पुरुष और महिला बनने के लिए उपकरण उपलब्ध करवाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे स्वास्थ्य को बहुत अधिक प्रभावित

---

**कार्यक्रम** एकता, सहयोग, सेवा और संस्कारों की मिसाल रहा है अरोड़वंश समाज :

# रतिया में बनेगा अरोड़वंश सेवा सदन सांसद बराला ने रखी आधारशिला

**अरोड़वंश समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



रतिया। अरोडवंश सेवा सदन की आधारशिला रखते सांसद सुभाष बराला।

श्री अरोड़वंश महासभा द्वारा फतेहाबाद रोड पर श्री अरोड़वंश सेवा सदन का निर्माण करवाया जा रहा है। इस सेवा सदन कारविवार को भूमि पूजन किया गया। फतेहाबाद रोड स्थित भरपूर अड्डे के पास आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुखमणी साहिब के पाठ के साथ हुई। इसके पश्चात भाई जगजीत सिंह के रागी जत्थे ने रसभिन्ने शब्द कीर्तन से संगत को जोडक़र निहाल किया। तामसपुरा से संत बाबा हंसदास महाराज, महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी रामदेव के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, हरको फैड चेयरमैन वेद प्रकाश फूलां, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, प्रमुख समाजसेवी राजबक्श अरोड़ा व फतेहाबाद अरोड़वंश सभा के प्रधान आजाद सचदेवा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अरोड़वंश महासभा रतिया के प्रधान राजपाल ग्रोवर ने की।

सांसद सुभाष बराला ने भूमि पूजन कर समाज कल्याण के उद्देश्य से बनाए जा रहे सेवा सदन की आधारशिला रखी। उन्होंने अरोड़वंश समाज के द्वारा वर्षों से किए जा रहे सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि अरोड़वंश समाज सदैव से एकता, सहयोग, सेवा और संस्कारों की मिसाल रहा है। समाज द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद परिवारों की सहायता, शिक्षा को बढ़ावा, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में योगदान और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाले प्रयास वास्तव में प्रेरणादायक हैं।

**ये मौजूद रहे**

इस मौके पर मुकुंद लाल सेठी, पूर्व अध्यक्ष अशोक ग्रोवर, प्रधान परमजीत सिंह डबवाली, देवेंद्र ग्रोवर, सतपाल सेठी, रामप्रकाश मोंगा, बृज लाल ग्रोवर, मदन डोडा, मोहन लाल ग्रोवर, खेमचंद मोंगा, राजकुमार कालड़ा, अवतार धींगडा, रामदास मोंगा, तोता राम सेठी, हरिचंद्र ग्रोवर, सुभाष सचदेवा, दर्शन मोंगा, नरेश कक्कड़, हरजीत अरोड़ा, नरेश सचदेवा, सतीश सेठी, रणजीत सिंह ग्रोवर, हैप्पी सिंह सेठी, प्रेम सेठी, विशाल छाबड़ा, रविंद्र गाबा, आदर्श ग्रोवर, सतपाल जिंदल, कालू खन्ना, कपिल सिंगला, विक्की मोंगा आरूष ग्रोवर, मोहन चिलाना सहित अरोड़वंश समाज के गणमान्य सदस्य, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक

---

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (201 से 250)

❖ श्री दलवीर सिंह सुपुत्र श्री दयानंद, 668/5, उत्तम विहार, रोहतक ❖ श्री नीरू, 993/18, रोहतक ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री सोमनाथ, 527/25, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री जयप्रकाश सुपुत्र श्री भीम सिंह, नांदल, लाखनमाजरा, रोहतक ❖ श्रीमति वीरा देवी पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 26, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नीरू चहल सुपुत्र श्री श्रवण कुमार, डेयरी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री राजेश कुमार सुपुत्र श्री दीपचंद, म.नं. 1306/31, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री हरिवंदर सिंह सुपुत्र श्री होशियार सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री तुषार कथूरिया सुपुत्र रविंदर कथूरिया, म.नं. 194818, आर्य नगर, रोहतक ❖ श्री श्याम कपूर सुपुत्र श्री मूलचंद कपूर, सी 312, नजदीक शिव मंदिर, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री सुमेर सिंह सुपुत्र स्व. श्री निहाल सिंह, गांव सैमाण, तह. महम, रोहतक ❖ श्री हरीश कुमार सुपुत्र श्री खरेती लाल, 709/12, प्रधाना मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री कैलाश चंद्र सुपुत्र हरिसिंह, 1445/22, ओल्ड विजय नगर, रोहतक ❖ श्री प्रमोद सुपुत्र राज सिंह, नेहरू कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मांगेराम सुपुत्र लखीराम, न्यू राजेंद्र कॉलोनी, भिवानी चुंगी, रोहतक ❖ श्री सुरेंद्र सुपुत्र देव सिंह, 2149/50 सेक्टर 1, रोहतक ❖ परिणीता सुपुत्र कुलदीप, सेक्टर 1, रोहतक ❖ श्री राजेन्द्र कृपाल सुपुत्र स्व. शिवराम, 95/29, जसबीर कालोनी, रोहतक ❖ श्री कंदीप सुनेजा सुपुत्र श्री हरीश सुनेजा, 1210/5, पंजी मौहल्ला, तह. व जिला रोहतक ❖ श्री संदीप सूरजा सुपुत्र श्री हरीश सूरजा, 1210/5, पीरजी मौहल्ला, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश ढुल सुपुत्र बलवंत सिंह, शास्त्री नगर, हिसार बाईपास रोहतक ❖ श्री मोहित चुघ सुपुत्र श्री मदनलाल, 52ए/26, जवाहर नगर रोहतक ❖ श्री ओमपति प्रताप सिंह सुपुत्र स्व. प्रताप सिंह, न्यू विजय नगर, रोहतक ❖ श्री वंश सुपुत्र रोहित जसपाल, हनुमान कॉलोनी, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्रीमति त्रिपति विज पत्नी श्री सुशील कुमार, म.नं. 323, फेस सी, प्रीत विहार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक ❖ श्रीमति संतोष पत्नी श्री राजबीर सिंह, देव कॉलोनी, नजदीक सीएसडी कैंटीन, रोहतक ❖ श्री ओमप्रकाश सुपुत्र श्री ऋषि राम, म.नं. 659/45/21, विशाल नगर, रोहतक ❖ श्री रवि सुपुत्र प्रदीप, गांव मोखरा (रोज), रोहतक ❖ श्री संदीप सुपुत्र श्री भगत सिंह, 650/35, जनता कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री मनोहर लाल सुपुत्र श्री जीवनदास, गांव बैंसी, पुराना बाजार, तह. महम, रोहतक ❖ श्रीमति गुनिका सुपुत्र श्री प्रवीन कुमार, म.नं. 643 सी/30, आदर्श नगर, रोहतक ❖ श्री जय किशन आरती सुपुत्र श्री रामचंद्र, किलोई (दोपाना), रोहतक ❖ श्री दीपक सुपुत्र श्री रामकिशन म.नं. 136 टाइप नं. 1, एमडीयू कैंपस ❖ श्री राजेंद्र सिंह सुपुत्र श्री शीशपाल, गांव व डा. नांदल, रोहतक ❖ श्रीमति ऋतिका सुपुत्री श्री नारायण सिंह, वार्ड नं. 10, नियर रविदास मंदिर, कलानौर, रोहतक ❖ श्री धर्मवीर सिंह सुपुत्र श्री रामस्वरूप, म.नं. 2354, नई राजेन्द्रा कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री राहुल सुपुत्र श्री सुरेश, खरक जाटान, बैंसी, तह. महम, रोहतक ❖ श्री अन्नु सुपुत्र बिजेंद्र, खरक जाटान, तह. लाखनमाजरा रोहतक ❖ श्री सुंदर सिंह सुपुत्र श्री देवेंद्र सिंह, गांव भालौठ, रोहतक ❖ श्रीमति कौशल्या रानी सुपुत्र श्री कलीराम, 143, प्रीत विहार, रोहतक ❖ श्री रामअवतार सुपुत्र प्रभाती राम, म.नं. 575/31, अंबेडकर कॉलोनी गली नं. 3, रोहतक ❖ श्री भगवान सुपुत्र इन्द्र सिंह, राव्याण, किलोई दोपाना, रोहतक ❖ श्रीमति सुशील देवी सुपुत्री श्री राजेंद्र सिंह, 582/29, तिलक नगर, रोहतक ❖ श्रीमति भावना भाटिया पत्नी रमेश कुमार, चिन्योट कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री नरसिंह दास सुपुत्र श्री राम सहाय, पटेल नगर, रोहतक ❖ श्री मुन्नीलाल सुपुत्र श्री जगदीश प्रसाद, म.नं. 98, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री सुभाष चंद्र सुपुत्र श्री अर्जुन दास, 69 बी/3, मंदीप स्कूल वाली गली, रोहतक ❖ श्री जोगिन्दर प्रकाश चावला सुपुत्र श्री राम नारायण, 73/4, शिवाजी कॉलोनी, रोहतक ❖ श्री अजय सिंधु सुपुत्र बीएस सिंधु, म.नं. 815/29, कमल कॉलोनी, रोहतक ❖ श्रीमति पूनम सुपुत्री श्री नरेंद्र सिंह, जाट कॉलोनी, वार्ड नं. 15, कलानौर, रोहतक

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## खबर संक्षेप



हिसार। मूलभूत सुविधाएं पीएचसी को समर्पित करते बैंक अधिकारी।

### एसबीआई ने थुराना पीएचसी में की सुविधाओं की व्यवस्था

**हिसार।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसायिक कार्यालय ने गांव थुराना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसाधारण के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करवाई। अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करते हुए बैंक ने सुलभ शौचालय, जरूरतमंदों के लिए व्हील चेयर, पानी की निकासी व्यवस्था और पेयजल व बिजली लाइट की व्यवस्था को सुचारू करवाया। इन कार्यों के लिए बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक अभिनय कुमार पाठक ने दिशा-निर्देशन किया।

### हकृवि में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला कल से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विवि में जैव रसायन विभाग द्वारा 25 नवंबर से 8 दिसंबर तक एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि होंगे जबकि 'स्पार्क' के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. रबीब्रत मुखर्जी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। विवि के जैव रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जयंती टोक्स ने बताया कि 'मोरिंगा की वृद्धि, बीज गुणवत्ता, एंटीऑक्सीडेंट और टैनिन गुणों पर चर्चा की जाएगी।

# शिक्षण व शोध को बढ़ावा देने की ओर बढ़ाए कदम

## उपलब्धि : स्वीडन के विश्वविद्यालयों सहयोग बढ़ाएगा गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अब स्वीडन के विश्वविद्यालयों के साथ शिक्षा, शोध व नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएगा। इसके तहत विश्वविद्यालय ने स्टडी इन स्वीडन फेयर 2025 के दौरान स्वीडन के नौ विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण संवाद किया है। विश्वविद्यालय अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठा रहा है और ताजा प्रयास इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि स्वीडन के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ यह संवाद विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के डीन प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने किया है। इस संवाद का उद्देश्य गुजविप्रौवि तथा स्वीडिश विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक व अनुसंधान सहयोग के अवसरों का पता लगाना था।



हिसार। स्वीडिश विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को गुजविप्रौवि की स्मारिका भेंट करते अंतरराष्ट्रीय मामलों के अधिष्ठाता प्रो. ओमप्रकाश सांगवान।

### सकारात्मक रहा संवाद : नरसी राम बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह संवाद अत्यंत सकारात्मक रहा, जिसके शीघ्र ही बेहतर परिणाम आएंगे। इस संवाद से भविष्य में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह संवाद अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है।

### शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को फायदा

कुलसचिव डा. विजय कुमार ने कहा है कि गुजविप्रौवि व स्वीडिश विश्वविद्यालयों के सहयोग से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों व विद्यार्थियों को फायदा होगा।

### रैंकिंग को लगातार बेहतर कर रहा विवि


कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजविप्रौवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग को लगातार बेहतर कर रहा है। विवि के पास शोध, शिक्षण, प्रयोगशालाओं व अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा है। एनआईआरएफ रैंकिंग में राज्य सार्वजनिक विवि श्रेणी में गुजविप्रौवि हरियाणा का नंबर वन विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने स्वीडिश विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के समक्ष गुजविप्रौवि की रैंकिंग, आधारभूत ढांचा तथा अन्य उत्कृष्टताओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है।

### कार्यक्रम के दौरान इन संस्थानों से किया गया संवाद

डा. ओमप्रकाश सांगवान ने बताया कि उन्होंने स्वीडिश विश्वविद्यालय कार्लस्टैडस यूनिवर्सिटी, द स्वेडिश स्कूल ऑफ टेक्सटाइल्स यूनिवर्सिटी ऑफ बोरास, यूनिवर्सिटी ऑफ सकोवडे, लिनायस यूनिवर्सिटी, जोंकोपिंग यूनिवर्सिटी, हेलमस्टेड यूनिवर्सिटी, लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी, मालार्डलेन यूनिवर्सिटी तथा यूनिवर्सिटी वैस्ट के प्रतिनिधियों से वन टू वन संवाद किया।

## गुरु जम्भेश्वर विविके भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने किया शिमला में फील्ड सर्वे

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने शिमला में फील्ड सर्वे किया। यह विभाग की ओर से विद्यार्थियों का पहला शैक्षणिक दौरा था, जिसमें विद्यार्थियों ने 'शिमला में पर्यटन के पारिस्थितिक एवं सामाजिक-आर्थिक प्रभाव' विषय पर विस्तृत अध्ययन किया। कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई ने भूगोल विभाग द्वारा आयोजित इस शैक्षणिक फील्ड सर्वे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी यात्राएं विद्यार्थियों में अनुसंधान-क्षमता, अवलोकन-कौशल तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझने की क्षमता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि शिमला जैसी संवेदनशील पर्यावरणीय व पर्यटनिक स्थल का सर्वेक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मूल्यवान अनुभव है, क्योंकि इससे उन्हें स्थल-विशेष के भौगोलिक स्वरूप, पर्यावरणीय चुनौतियों तथा पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त होता है। कुलपति ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की व्यावहारिक एवं शोध-उन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा देता रहेगा ताकि विद्यार्थी अपने विषय में निपुणता प्राप्त कर समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें।विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनोद कुमार बिश्नोई ने बताया कि यह फील्ड सर्वे शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण भाग था। इस सर्वे के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल डेटा संग्रहण की व्यावहारिक तकनीकों का अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि विभिन्न स्थलों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर उन्होंने भौगोलिक स्थानों, स्वरूपों और पर्यावरणीय स्थितियों को भी गहराई से समझा। प्रोफेसर राम सिंह बेनीवाल ने बताया कि इस सर्वे के दौरान विद्यार्थियों ने सरकारी अधिकारियों, सड़क विक्रेताओं, पर्यटकों, टैक्सी चालकों, दुकानदारों और होटल मालिकों से पर्यटन से जुड़ी विभिन्न सामाजिक-आर्थिक जानकारियां व आंकड़े एकत्रित किए।



हिसार। शिमला में फील्ड सर्वे करने वाली विद्यार्थियों की टीम। *फोटो : हरिभूमि*



हिसार। हमारा प्यार हिसार की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

## दीवार को सुंदर आकृतियों से सजाकर किया आकर्षित

■ 'हमारा प्यार-हिसार' टीम ने पीएलए की दीवार को फिर से दिया आकर्षक रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से 'हमारा प्यार-हिसार' टीम की ओर से रविवार को पीएलए परिसर स्थित दीवार पर पेंटिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। टीम ने इस दीवार पर दुबारा नई पेंटिंग बनाकर इसे एक जीवंत और रंगीन रूप प्रदान किया। पूर्व में इस दीवार पर पक्षियों, तितलियों, मछलियों और फूलों की सुंदर आकृतियां बनाई गई थीं, जो हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण फीकी पड़ने लगी थीं। दीवार को पुनः आकर्षक बनाने के लिए टीम ने सामूहिक प्रयास करते हुए आज पूरा दिन रंग–रोगन व कलात्मक चित्रों को बनाने में समर्पित किया। टीम ने बताया कि यह सिर्फ शुरुआत है। आने वाले कुछ सप्ताहों में इस दीवार को और अधिक रंगीन, संदेशपूर्ण एवं सौंदर्यपूर्ण बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। उद्देश्य है-शहर की सार्वजनिक दीवारों को सकारात्मकता, रचनात्मकता और स्वच्छता के संदेश से सजाना। अभियान में सामाजिक सरोकार और शहर के प्रति भावनात्मक जुड़ाव दिखाते हुए अनेक स्वयंसेवक और गणमान्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। हमारा प्यार हिसार टीम ने यह संदेश दिया कि शहर का सौंदर्यीकरण केवल प्रशासन का कार्य नहीं, बल्कि नागरिकों की भी साझा जिम्मेदारी है। ऐसे अभियान न केवल शहर को सुंदर बनाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मकता और सामूहिकता की

### ये रहे शामिल

इनमें प्रमुख रूप से सुशील खरींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, राजेंद्र गहलोत, डॉ. बीबी बांगा, जितेंद्र बंसल, मनीष गोयल, दिनेश बंसल, रमेश वर्मा, आदित्य, शुभम, पवन सोनी, उदय सोनी, गुरविंदर सिंह, अमित गर्ग, राजन वर्मा, अनुराग, अमित गुप्ता, अखिल जैन, पर्व जैन, आदेश मलिक, कमल भाटिया, सुहासिनी, सुमन ऐरेन, मीरा सिवाच, कविता टंडन, शिखा जैन, साक्षी, भाविका, नवप्रीत, ईशा बिष्ठ व नियाती जैन शामिल रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा 26 को करेगा बड़ा प्रदर्शन, चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 नवंबर को किसानों की मांगों बारे बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष शमशेर नंबरदार के नेतृत्व में अभियान चलाकर सभा की टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों व खेत मजदूरों से संपर्क किया जा रहा है। किसान सभा के हिसार तहसील सचिव अभय राम फौजी ने बताया कि तहसील में किसान सभा की चार टीमें लगातार संपर्क अभियान चलाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर, बुधवार को प्रातः 10 बजे सभी किसान संगठन, मजदूर, जन संगठन व सीटू कार्यकर्ता स्थानीय क्रांतिमान पार्क में एकत्रित होंगे और वहां से जुलूस के रूप में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचकर राज्य सरकार के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में मुख्य तौर पर बाढ़ प्रभावित एरिया की सभी प्रकार की फसलों का उचित मुआवजा देने, जलभराव से प्रभावित मकानों का उचित मुआवजा देने, पानी निकासी का उचित प्रबंध करने, फसलों की बिजाई के लिए समय पर खाद का प्रबंध करना, खेत मजदूर को एकमुश्त राहत राशि जारी करना, फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करना व पराली प्रदूषण को लेकर किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने आदि मांगों को उठाया जाएगा।



हिसार। प्रदर्शन के लिए संपर्क अभियान चलाते किसान सभा के पदाधिकारी।

## टैलेंट 27 टीमों और 63 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला परियोजना संयोजक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में टैलेंट सर्च 2025 का आयोजन कैमरी स्थित सुरभि आर्ट सिटी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैमरी सरपंच ओमप्रकाश भांभू रहे जबकि जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परियोजना संयोजक राम रतन ने की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने का कार्य करती हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति-कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना से भी भरती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंचों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी योग्यता को निखारकर न केवल जिला स्तर पर, बल्कि प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं। मुख्य अतिथियों ने कहा कि नई पीढ़ी में असीम क्षमता है और आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के साथ-साथ खेल गतिविधियाँ भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि टीमवर्क व अनुशासन भी विकसित करती हैं।





हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं व उन्हें सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग और ग्रुप थिएटर श्रेणियों में कुल 27 टीमों ने भाग लिया। वहीं कक्षा 6 से 8 में 2डी–3डी विजुअल आर्ट्स, क्लासिकल म्यूजिक सोलो, फोक म्यूजिक सोलो, सोलो डांस और थिएटर सोलो जैसी विधाओं में 63 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डॉ संध्या, गायक संजयकांत, ऑल इंडिया रेडियो के निदेशक डॉ पवन कुमार, कविता मोर, डॉ. मीनाक्षी महाजन, सुनील मक्कड़, गायत्री देवी और निरंजन सांगी शामिल रहे। मंच संचालन प्रमोद मोर एवं मीना कुमारी ने संभाला। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण, बलजीत पूनिया, सतीश बालमिया, अनू खनगवाल, लक्ष्मण श्योराण, देवी लाल, लोकेश कुमार सहित सभी टीम इंचार्ज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी 24 नवंबर 2025 को रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला हिसार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जनसेवार्थ ट्रस्ट ने हेल्थ जांच शिविर लगाया

**बरवाला।** समाजसेवी संस्था बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में एक लाख ओपीडी पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर वार्ड 19 दौलतपुर रोड पर लगाया गया। इसमें फ्री हैल्थ चेकअप के साथ साथ लोगों के कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पीटी और थायराइड सहित पांच आवश्यक ब्लड टेस्ट किए गए। इस शिविर में कुल 96 नागरिकों ने हैल्थ चेकअप तथा रक्त जांच की सुविधा का लाभ उठाया। ट्रस्ट के प्रधान ने बताया कि संस्था अब तक पांच शिविरों का आयोजन कर चुकी है और लोगों को स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अगला स्वास्थ्य शिविर भागीरथ पार्क, वार्ड न 10-11 नजदीक राधाकृष्ण मंदिर में 30 नवंबर को लगाया जाएगा।

## ध्यान और विश्राम विषय पर ध्यान सत्र आयोजित

■ स्वामी संजय व मां सांची ने ध्यान विधियों को दिनचर्या में अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मानव जीवन में ध्यान और विश्राम का महत्व समझाने एवं ध्यान साधना का अभ्यास करवाने के उद्देश्य से ओशो ध्यान उपवन में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वामी संजय व मां सांची ने ध्यान विधियों से रूबरू करवाते हुए उन्हें दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान साधकों को 10 व 11 दिसंबर को आयोजित होने वाले ओशो जन्मोत्सव के लिए भी आमंत्रित किया गया। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने साधकों को बताया कि ध्यान ऐसी अवस्था है जिसमें कोई क्रिया या विचार नहीं होता। यह ऐसा साक्षीभाव है जो स्वयं को अभिव्यक्ति होने देता है। इसके साथ ही विश्राम इंसान को बाहरी दुनिया की अपेक्षा अपनी आंतरिक दुनिया की ओर मोड़ने में मदद करता है। जब साधक अपनी चेतना में सचेत रूप से विश्राम करता है तो वह विचारों और भावनाओं के प्रवाह को देख सकता है और अपने अस्तित्व के केंद्र में जा सकता है। इसलिए ध्यान और विश्राम मनुष्य की दशा व दिशा बदलने में कारगर है।



हिसार। ओशो ध्यान उपवन में ध्यान साधना का अभ्यास करते साधक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सेमिनार में एआई की भूमिका पर की चर्चा

**हिसार।** एआई के विविध पहलुओं से रूबरू करवाने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेक्टर 16-17 में आयोजित इस सेमिनार में सीए विजय गुप्ता ने एक्सेल में एआई के प्रयोग पर आधारित जानकारी साझा की और सीए गुरवीन नारंग ने सीए को सशक्त बनाने में एआई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर वक्ताओं को एनआईआरसी की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि बदलते दौर में एआई के प्रति समझ बढ़ाना जरूरी है।

## जनता का सहयोग मेरी सबसे बड़ी ताकत: गंगवा

■ बरवाला में कैबिनेट मंत्री का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आज वे जो भी हैं, उसमें बरवाला शहर, गांव, देहात के लोगों का अथाह सहयोग और आशीर्वाद शामिल है। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे इस विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से लौटाने के लिए संकल्पित हैं। रणबीर गंगवा रविवार को बरवाला नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा दिलाने व क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए गणमान्य लोगों द्वारा टैक्सी स्टैंड के प्रांगण में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास उनके लिए हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रहा है और हमेशा रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित जनसेवा के मॉडल पर काम कर रही है। सरकार ने सडक़, पेयजल, सीवरेज, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किए हैं।

## आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के चुनाव में ऊषा बक्शी प्रधान बनीं

■ प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवारों ऊषा बक्शी व दयानंद बंसल ने नामांकन दाखिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा, मौहल्ला रामपुरा के आज हुए चुनाव में 4 पदों प्रधान, उपप्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिये चार ही उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। चारों निर्विविरोध निर्वाचित किए गए। चुनाव के लिये सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक डॉ. राजबीर सिंह, चुनाव अधिकारी विनय मल्होत्रा व सहायक चुनाव अधिकारी देवराज की उपस्थिति में चारों को विधिवत रुप से निर्वाचित घोषित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंप दिये गये। सभा के कुल 15 सदस्य हैं।

चुनाव अधिकारी विनय मल्होत्रा ने बताया कि निर्धारित तारीख तक नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रधान पद के लिये दो उम्मीदवारों ऊषा बक्शी व दयानंद बंसल ने नामांकन दाखिल किया। उपप्रधान पद के लिये कृष्ण कुमार, सचिव पद के लिये कृष्ण शर्मा व कोषाध्यक्ष पद के लिये धर्मबीर ग्रोवर ने अपना नामांकन भरा।



हिसार। चुने गए पदाधिकारी प्रशासक व चुनाव अधिकारियों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

**उपल्बधि** डेयरी व पशु चिकित्सा अनुसंधान में उत्कृष्ट कार्य के लिए लुवास वैज्ञानिक सम्मानित

## डॉ. रचना को डेयरी क्षेत्र में महिलाओं सशक्त बनाने लिए किया गया सम्मानित

2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। गोवा कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, धारवाड़ द्वारा आईसीएआर–एनबीपीजीआर, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय कृषि एवं पशु चिकित्सा सम्मेलन-आईसीएवीआरआई-2025' में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों और विद्वतापूर्ण प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन में देशभर से कृषि एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। लुवास का प्रतिनिधित्व कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आईपीवीएस की सहायक प्रोफेसर डॉ. ऋचा खिर्बट, डेयरी विस्तार की सहायक प्रोफेसर डॉ. रचना, एलपीटी सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका और पीएचडी शोधार्थी, एलपीटी डॉ. गुड़िया ने किया। सभी ने अपने-अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए।



हिसार। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिक कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### उत्कृष्ट कार्यके लिए इनका सम्मान

तकनीकी सत्रों में डॉ. ऋचा खिर्बट ने 'बोवाइन स्पर्म सेक्सिंग के लिए इम्यूनोएफिनिटी आधारित वैकल्पिक तकनीक' पर अपना शोध प्रस्तुत किया, जिसे स्वदेशी सेक्स–सॉर्टेड सीमन उत्पादन के लिए अत्यंत उपयोगी माना गया। उन्हें इस उत्कृष्ट योगदान के लिए यंग वुमन साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. रचना को डेयरी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण और विस्तार गतिविधियों पर आधारित अपने शैक्षणिक कार्यों के लिए यंग वुमन साइंटिस्ट अवार्ड प्रदान किया गया।

### कुलपति ने कहा

सम्मानित वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि लुवास के शोधकर्ता डेयरी एवं पशु विज्ञान क्षेत्र में नवाचार को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं, जो उत्पादकता बढ़ाने, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वैज्ञानिकों की कुलपति से हुई भेंट के दौरान पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार रोज, डेयरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पाटिल तथा आईपीवीएस निदेशक प्रो. (डॉ.) पवन कुमार भी उपस्थित रहे।